BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 17 जनवरी, 2025 **थाना खुर्जा देहात**

चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया तांबे का तार, घटना में प्रयुक्त गाडी, अवैध असलहा कारतूस, मोटर खोलने व काटने के उपकरण आदि बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 16/17.01.2025 की रात्रि में थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान ग्राम हाजीपुर भटौला - बसेन्दुआ बम्बे वाले रोड़ से चोरी करने वाले गिरोह के 03 शातिर सदस्य को चोरी किया गये तांबे का तार, घटना में प्रयुक्त गाडी, अवैध असलहा कारतूस, मोटर खोलने व काटने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं - 22/25 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. विवेक पुत्र अनिल कुमार निवासी गांव आगेपुर थाना चंडौस जनपद अलीगढ़।
   हाल पता- 134 गुलशन बिहार कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. देवेन्द्र पुत्र रामपाल निवासी मुरारी नगर निकट फायर स्टेशन कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
3. विजय पुत्र सुनील निवासी गोकुल बिहार कालोनी कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 3.1 किलोग्राम तांबे का तार
2. 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस
3. 01 अवैध चाकू
4. 01 टाटा ऐस गाड़ी नम्बर यूपी-13सीटी-0538 (घटना में प्रयुक्त)
5. मोटर खोलने व काटने के उपकरण- 01 हथौड़ा, 01 पाइप रिंच, 01 प्लास आदि

अभियुक्तों द्वारा थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अच्छेजा घाट से नलकूपों के मोटर तोड़कर तार चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं- 482/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर इस अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. मौहम्मद असलम प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा देहात
2. उ0नि0 धीरज राठी
3. है0का0 विवेक कुमार, है0का0 नितिन कुमार, का0 धर्मवीर सिंह

मीडिया सैल बुलन्दशहर